संख्या–cm-248
04/05/2021

मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध रक्षा वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ0 मानस बिहारी वर्मा के निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध रक्षा वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ0 मानस बिहारी वर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध रक्षा वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ0 मानस बिहारी वर्मा जी का निधन दुखद है। वे महान वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम जी के सानिध्य में काम करने वाले लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' के निर्माण में प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी थे। भारतीय वायुसेना को अधिक मारक बनाने में डॉ0 वर्मा का योगदान अविस्मरणीय है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा साइंटिस्ट ऑफ द ईयर, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह जी द्वारा प्रौद्योगिकी नेतृत्व पुरस्कार और 2018 में पद्मश्री से सम्मानित डॉ0 मानस बिहारी वर्मा जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। उनके निधन से वैज्ञानिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******